**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**
**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**
**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/नि.-मा.सं.-नि.वा./06 दिनांक : 31 अक्तूबर, 2019

## प्रेस विज्ञप्ति

### बीडीएल में "राष्ट्रीय एकता दिवस" मनाया गया

बीडीएल में बड़े उत्साह एवं जोश के साथ **'राष्ट्रीय एकता दिवस'** मनाया गया।

इस अवसर पर, कंपनी के कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता शपथ दिलायी गयी। कर्मचारियों में जागरूकता लाने भारतीय नागरिकों के मूलभूत कर्तव्य का वाचन किया गया।

"एकता के लिए दौड (रन फार यूनिट)" कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें बीडीएल के कर्मचारी, सीआईएसएफ कार्मिक, पोस्टल विभाग के कर्मचारी, जीएचएमसी,पुलीस कार्मिक और बीपीडीएवी स्कूल से विद्यार्थियों ने भाग लिये। डॉ वेन्नम उपेन्दर, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल, श्री शिवानंद खानापेट, अधिशासी निदेशक (भानूर इकाई) और श्री एस वी कामेश्वर, महाप्रबंधक (वि.इ.) ने झण्डा फहराकर कंचनबाग इकाई, भानूर इकाई और विशाखापट्टणम इकाई में कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सीआईएसएफ कार्मिकों द्वारा मार्चफास्ट किया गया।

'राष्ट्रीय एकता' विषय पर अंग्रेजी, हिंदी और तेलुगू भाषाओं में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन,** हैदराबाद के सहयोग से रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया।

<u>राष्ट्रीय एकता दिवस – 2019</u>

